दीपावली पर हुड़दंगियों पर कसी नकैल कानफोड़ू साइलेंसर

बड़वानी। दीपावली पर्व के दृष्टिगत शहर में शांति, सुरक्षा और सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु बड़वानी पुलिस एक्शन मोड में आ गई है। प्रभारी पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात थाना बड़वानी द्वारा नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 7 नवंबर को यातायात पुलिस टीम द्वारा शहर के प्रमुख स्थानों-यातायात थाना तिराहा, कोर्ट चौराहा एवं तालाब रोड-पर सघन चेकिंग प्वाइंट लगाए गए। अभियान के दौरान विशेष रूप से बुलेट एवं अन्य दोपहिया वाहनों में कानफोड़ू/अमानक साइलेंसर लगाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों, तेज गति से वाहन दौड़ाने वालों, स्टंटबाजी करने वालों और बिना हेलमेट वाहन चालकों पर सख्त वैधानिक कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 18 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई कर 6500 रुपए का समन शुल्क वसूला गया। साथ ही अमानक साइलेंसर का प्रयोग करने वाले चालकों को सख्त हिदायत दी गई।

त्यौहार तक निरंतर जारी रहेगा अभियान

यातायात पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया है कि दीपावली पर्व के दौरान बाजारों में आमजन एवं महिलाओं की सुरक्षा तथा यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने हेतु यह अभियान लगातार जारी रहेगा। हुड़दंग करने वाले या अमानक साइलेंसर से शांति भंग करने वाले तत्वों के खिलाफआगे और भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बड़वानी पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि त्यौहार के इस पावन अवसर पर यातायात नियमों का पालन करें, मानक साइलेंसर का ही उपयोग करें और सुरक्षित ड्राइविंग कर पुलिस का सहयोग करें।

पड़वा पर्व पर गौरक्षा सेना ने किया गौ-पूजन, लिया सुख-समृद्धि का आशीर्वाद



शाजापुर । दीपावली के पश्चात पड़वा पर्व पर गौरक्षा सेना द्वारा लालपुरा स्थित गौ-उपचार केंद्र कांजी हाउस में विधि-विधान से गौमाता का पूजन-अर्चन किया गया। इस दौरान सदस्यों ने गौमाता को तिलक लगाकर और आरती उतारकर क्षेत्र में खुशहाली की कामना की, साथ ही गौ-सेवा व संरक्षण का संकल्प लिया। इस मौके पर गौरक्षा सेना के संस्थापक धर्मेन्द्र शर्मा ने कहा कि गौमाता की सेवा केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि हमारा निरंतर संकल्प है। उन्होंने बताया कि संस्था विगत 17 वर्षों से घायल, बीमार एवं असहाय गौवंश की सेवा में निरंतर जुटी हुई है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्षक धर्मेन्द्र बना, वीरेन्द्र सिंह टेवा, अध्यक्ष अशोक खींची, उपाध्यक्ष लोकेश दरिया, नगर अध्यक्ष सुमित गोस्वामी, वरिष्ठ सदस्य शिवम बिरथरे, राजकुमार गुर्जर और नगर महासचिव हर्षित परमार मौजूद रहे। इनके अलावा गोलू गवली, आर्यन धानुक, आयुष खाटवा, आकाश माली, आयुष शर्मा, विशाल देवतवाल, विराट चौहान, यश गोयल, अर्जुन बना, राजपाल बना, कुलदीप बना, कान्हा गवली, मयंक गवली, आकाश सोलंकी, कप शर्मा, चीकू, चित्रांश, गोविंद और प्रकाश सहित गौरक्षा सेना सदस्य उपस्थित थे।

अचानक ब्रेक लगने से कार में जा घुसी बाइक, पिता-पुत्र घायल



शाजापुर । नेशनल हाईवे-52 पर ग्राम नैनावद के समीप आगे चल रही कार के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे आ रही एक बाइक अनियंत्रित होकर उसमें जा घुसी। इस टक्कर में बाइक सवार पिता और पुत्र घायल हो गए, जिन्हें 108 एंबुलेंस की मदद से तत्काल शाजापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम चापनी के रहने वाले दिनेश 40 वर्ष मंगलवार को अपने 7 वर्षीय बेटे विवेक के साथ बाइक पर सवार होकर तराना की ओर जा रहे थे। सुबह करीब 10:30 से 11 बजे के आसपास, जब वे नैनावद के करीब पहुंचे, तभी उनके आगे चल रही कार के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। एक्सर में होने के कारण दिनेश बाइक पर से अपना नियंत्रण खो बैठे और सीधे कार के पिछले हिस्से से जा टकराए। इस दुर्घटना में मासूम विवेक के सिर पर चोट आई, जबकि दिनेश को मामूली चोटें लगी हैं। हादसे के तुरंत बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों की मदद से 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई। एम्बुलेंस स्टाफ ने घायलों को प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

पटवारी, आरआई और लिपिकों को नायब तहसीलदार बनने का मौका

भोपाल । राजस्व विभाग में कार्यरत पटवारी, राजस्व निरीक्षक (आरआई) और लिपिक संवर्ग के कर्मचारियों के लिए नायब तहसीलदार बनने का अवसर मिलेगा। मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (एमपीईएसबी) सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा-2026 आयोजित करेगा। इसके माध्यम से नायब तहसीलदार के 73 पदों पर भर्ती की जाएगी। पहले यह परीक्षा 14 नवंबर को प्रस्तावित थी, लेकिन राजस्व विभाग की सहमति के बाद इसकी तारीख बदलकर 10 जनवरी 2027 कर दी गई है। परीक्षा में वही कर्मचारी शामिल हो सकेंगे, जो राजस्व विभाग में पटवारी, राजस्व निरीक्षक या लिपिक वर्गीय सेवा संवर्ग के पद पर कार्यरत हैं। संबंधित पद पर कम से कम पांच साल का अनुभव होना जरूरी है। स्थायी या स्थानापन्न रूप से काम करने की अवधि को अनुभव के रूप में मान्य किया जाएगा। इसके साथ ही मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कला, विज्ञान, वाणिज्य या कृषि विषय में स्नातक होना अनिवार्य है। परीक्षा में शामिल होने के लिए एक जनवरी 2026 की स्थिति में अभ्यर्थी की अधिकतम आयु 55 वर्ष निर्धारित की गई है।

डिजीटल आतिशबाजी के बीच मनी रंग बिरंगी दीपावली

दुकानों एवं घरों में हुई महालक्ष्मी पूजन, महिलाओं ने पूजा गोवर्धन

जावरा (निप्र)। धन और वैभव की दात्री महालक्ष्मी का पूजन रविवार और सोमवार को सारे हिंदू परिवारों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा भक्ति के साथ किया। श्रेष्ठ मुहूर्त में महालक्ष्मी का पूजन करके समृद्धि की कामना की गई। लक्ष्मी पूजन के बाद शगुन के लिए नगर के नागरिकों के साथ ही बच्चों ने जोरदार आतिशबाजी की, जिससे आकाश गुंज उठा। आतिशबाजी देर रात तक चलती रही। वहीं लक्ष्मी पूजन के बाद एक-दूसरे को नववर्ष की हार्दिक बधाई दी।





सुबह से ही यूवाओ और बच्चों में रहा उत्साह

रविवार की सुबह से ही परिवारजन दीपोत्सव व महालक्ष्मी पूजन की तैयारी में पूर्ण रूप से जुट गए थे। दीपावली के दिन भी दोपहर बाद तक बाजार ग्राहकों से पटे रहे। सुबह से दोपहर तक लोग बाजार में आवश्यक वस्तुओं की खरीददारी करते रहे। खास तौर से मिठाइयों एवं पूजन सामग्रियों की दुकानें रविवार को ग्राहकों से सराबोर रही।

दीपावली के दिन भी बिके वही

व्यापारियों के लिए चौपड़ा का महत्व प्राचीन काल से रहा है। दीपावली के पहले आने वाले पुष्य नक्षत्र में अधिकांश व्यापारी वही चौपड़ा की खरीदी कर लेते हैं। बचे हुए व्यापारियों ने रविवार को प्रातः शुभ मुहूर्त में खरीदी की। व्यापारी वर्ग ने व्यापारिक प्रतिष्ठानों में दोपहर श्रेष्ठ मुहूर्त में शुभ चौकड़ी में महालक्ष्मी का पूजन किया। बचे व्यवसायियों ने शाम 7.30 बजे से देर रात तक पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना के बाद एक-दूसरे को नववर्ष की बधाई देते हुए शुभकामनाएं दीं। पूजन के बाद छोटे से लेकर बड़ों तक ने आकर्षक डिजीटल आतिशबाजी की, जिससे पूरा शहर गुंजायमान हो उठा। पूजन के बाद शहर के चारों ओर ढोल एवं बाजे की आवाज भी गूंज उठी।

परिवार की महिलाओं ने दोनों समय बनाई रंगोली

पांच दिवसीय दीपावली त्यौहार की शुरुआत धनतेरस से होती है। इसी दिन से हिंदू परिवार अपने आंगन में लक्ष्मीजी के स्वागत के लिए रंगोली सजाते हैं। रंगोली बनाने का क्रम भाईदूज तक चलता है। दीपावली के दिन सुबह और शाम दोनों समय रंगोली बनाई गई। इस बार नगर के परिवारों द्वारा स्वच्छता के लिए प्रेरित करने वाली रंगोलियों को उकेरा। इसी तरह घर के प्रवेश द्वार पर बंधनवार एवं हरे पत्ते बांधकर भी स्वागत की परंपरा का निर्वाह किया। इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में गन्ने के दाम काफी ऊंचे होने से सक्षम नागरिकों ने

लुहारी में महिलाओं ने की गोवर्धन पूजा

लुहारी में महिलाओं द्वारा पारंपरिक रूप से रंग-बिरंगी रंगोलियां बनाई गई। परंपरागत रूप से गोवर्धन पूजा की गई। महिलाओं ने गोबर से गोवर्धन से संबंधित आकृतियां बनाकर श्रद्धा और उत्साह से पूजा की। वहीं ग्रामीण महिलाओं ने गाय के गोबर से पर्वत बनाकर दीप जलाकर कथा का श्रवण किया। भगवान को भोग लगाकर परिवार में बांटकर व्रत पारण किया।

पशु (गो) धन भी पूजा

ग्रामीण क्षेत्र में ज्यादातर घरों में पशुओं को पाला जाता है वे इसे ही धन मानते हैं। उनकी भी मेहंदी व फूलों से सजावट कर पूजा की गई। कई घरों में वाहनों को आकर्षक सजाकर पूजा की गई।

तिराहे पर लाखों की आगजनी :

1000 टायर राख, आग बुझाने के प्रयास में ऑटो मैकेनिक झुलसा

गैरेज में खड़ी अर्टिगा कार भी जलकर खाक, 23 लाख से अधिक का नुकसान, पुलिस जांच में जुटी

सुबह 6 बजे की घटना, टायर से उठी तेज लपटों ने पड़ोसी दुकान को भी लिया चपेट में



जावरा । मह्-नीमच हाईवे स्थित जोयो तिराहे पर मंगलवार सुबह एक टायर की दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। टायरों ने इतनी जल्दी आग पकड़ी कि लपटों ने पास ही स्थित एक ऑटो रिपेयरिंग की दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया। इस भयंकर आगजनी में लगभग 1000 पुराने ट्रक टायर, एक अर्टिगा कार और दुकान का सामान जलकर पूरी तरह खाक हो गया। आग बुझाने के प्रयास में एक दुकानदार का हाथ भी झुलस गया है।

दोनों पीड़ितों ने आईए थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई है। जनता कॉलोनी निवासी इकबाल पिता निसार अहमद की जोयो तिराहे पर सैलानी टायर हाउस नाम से दुकान है। मंगलवार सुबह करीब 6 बजे उन्हें शाहरुख अब्बासी ने फोन पर दुकान में आग लगने की सूचना दी। जब तक वे मौके पर पहुंचे, दुकान धू-धू कर जल रही थी।

इकबाल के अनुसार, उनकी दुकान में ट्रक के लगभग 800 से 1000 पुराने टायर रखे हुए थे, जो पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए। इस घटना में उन्हें लगभग 20 लाख रुपये का भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

पड़ोसी दुकान तक पहुंची लपटें, कार राख और मैकेनिक झुलसा

टायर की दुकान से उठी तेज लपटें पास ही स्थित न्यू सुपर ऑटो इलेक्ट्रिशियन तक पहुंच गईं। ऊंट खाना निवासी संचालक नूर हसन ने बताया कि उन्हें सुबह 6:45 बजे ममता बस के कर्मचारी अनु शाह ने आग की सूचना दी। जब वे मौके पर पहुंचे, तब उनकी दुकान पर रिपेयरिंग के लिए खड़ी अर्टिगा कार (एमपी13 जेड एफ 7514) आग की चपेट में आ चुकी थी। नूर हसन ने आग बुझाने की काफी कोशिश की, जिस दौरान उनका हाथ भी झुलस गया। देखते ही देखते कार और दुकान में रखा बैटरी, सेल्फ, डायनुम, अल्टरनेटर सहित सारा इलेक्ट्रिक सामान जलकर राख हो गया। इस आगजनी में उन्हें लगभग 2.50 से 3 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

पुलिस कर रही विवेचना

घटना के बाद दोनों पीड़ित व्यवसायियों इकबाल और नूर हसन ने आई थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस अब आग लगने के कारणों (अज्ञात) की विवेचना कर रही है और मामले में वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

परंपरा के नाम पर भिड़े राजा और पठान, रोमांचक मुकाबले का गवाह बना शाजापुर



शाजापुर । दीपावली पर्व के उल्लास के बीच शहर में वर्षों पुरानी एक अनूठी परंपरा फिर जीवंत हो उठी। पड़वा पर्व के उपलक्ष्य में शहर के बापू की कुटिया स्थित मैदान में पारंपरिक पाड़ों की रोमांचक लड़ाई का आयोजन किया गया। इस बहुप्रतीक्षित और पारंपरिक मुकाबले में राजा और पठान के बीच ऐसा कड़ा संघर्ष हुआ कि मैदान में मौजूद दर्शक रोमांच से भर गए।

हार मानने को तैयार नहीं थे दोनों दिग्गज

मैदान में उतरते ही राजा और पठान नाम के दोनों विशालकाय पाड़ों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर देना शुरू कर दिया। दोनों के बीच काफी देर तक जोरदार आजमाइश चलती रही और कोई भी एक-दूसरे के सामने पीछे हटने को तैयार नहीं था। जब काफी मशक्कत के बाद भी मुकाबला किसी निर्णायक मोड़ पर नहीं पहुंच सका, तो अंततः दोनों के मालिकों ने आपसी सहमति से हस्तक्षेप कर उन्हें अलग किया और इस जोरदार लड़ाई को बराबरी पर समाप्त करवाया।

विधायक ने बढ़ाया मालिकों का उत्साह

आयोजन की लोकप्रियता का आलम यह था कि इसे देखने के लिए न केवल शहर बल्कि आसपास के ग्रामीण अंचलों से भी भारी संख्या में लोग मैदान में उमड़ पड़े थे। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक अरुण भीमावद भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने मैदान में जाकर दोनों पड़ों के मालिकों का स्वागत किया और इस पुरानी परंपरा को सहेजने के लिए उनका उत्साहवर्धन किया।

प्रशासन की अनुमति से हुआ व्यवस्थित आयोजन

उल्लेखनीय है कि शहर में पड़वा के दिन पड़ों की लड़ाई कराने की यह परंपरा कई दशकों से अनवरत चली आ रही है। आयोजन समिति द्वारा इस वृहद खेल के लिए प्रशासन से पूर्व में ही विधिवत अनुमति ले ली गई थी, जिसके चलते पूरा कार्यक्रम पूरी तरह से शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।



जिला अस्पताल में प्रसूता और नवजात की मौत पर हंगामा, दूसरी महिला ने फर्श पर दिया बच्चे को जन्म

शाजापुर । जिला अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं और आपातकालीन सेवाएं एक बार फिर सवालों के घेरे में हैं। सोमवार रात अस्पताल प्रबंधन की घोर लापरवाही की दो अलग-अलग तस्वीरें सामने आईं। एक ओर जहां इलाज में कथित देरी के चलते एक प्रसूता और उसके नवजात की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं दूसरी ओर लापरवाही का आलम यह रहा कि एक अन्य गर्भवती महिला को अस्पताल परिसर के फर्श पर ही बच्चे को जन्म देना पड़ा। जानकारी के अनुसार, ग्राम सिमरोल निवासी मोनिका पति हंसराज परमार को प्रसव संबंधी परेशानी ब्लीडिंग और गर्भ में बच्चे की हलचल न होने के चलते बोलाई स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर किया गया था। परिजनों का सीधा आरोप है कि गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचने के बावजूद डॉक्टर और कर्मचारी मोबाइल फोन चलाने में व्यस्त रहे। समय पर इलाज न मिलने के कारण प्रसूता और उसके नवजात दोनों ने दम तोड़ दिया। घटना से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे गए। उसी शाम इसी अस्पताल परिसर में बदइंतजामी का एक और चाकया हुआ। डिलीवरी के लिए लाई गई एक अन्य महिला का अस्पताल के फर्श पर ही प्रसव हो गया। जब मरीजों के परिजनों ने शोर मचाया, तब जाकर अस्पताल कर्मचारी मौके पर पहुंचे और महिला व नवजात को भीतर ले गए।

आष्टा क्षेत्र में नर्मदा मैय्या का शुभ आगमन हो गया है, ये कार्य आने वाली पीढ़ी याद करेगी-गोपालसिंह इंजीनियर

विधायक पहुंचे उदयराय महाराज के सच्चे डेरे पर, दर्शन कर लिया आशीर्वाद

आष्टा । दीपावली के दूसरे दिन पड़िया पर हर वर्ष ग्राम गुराड़िया सिराजूद्दीन में उदयराय जी महाराज की मड सच्चे डेरा पर भराई जाने वाली जत्रा में आजादी के बाद पहली बार एक विधायक के रूप में गोपालसिंह इंजीनियर मड पर पहुचे और दर्शन कर पड़ियार जी का आशीर्वाद लिया ।



उदयराय महाराज की मड सच्चा डेरा जहाँ जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से अपनी मनोकामना लेकर आता है,बताया गया उसकी हर मन्नत पूरी होती है,ऐसे सच्चे डेरे पर आज मेने पहुच कर नमन किया और पडियार जी का आशीर्वाद लिया है,मड पर भराई जत्रा में आज आस पास के अनेकों ग्रामो से भी श्रद्धालु यहा पहुचे है,सभी को दीपावली,गोवर्धन पूजन की बधाई देता हूं, ग्राम गुराड़िया सिराजुद्दीन जत्रा में पहुचे विधायक इंजीनियर का ग्रामीणों ने भव्य अगवानी कर स्वागत किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की मैं आपके सब के आशीर्वाद से ही विधायक बना हु,जनता ने जिस उम्मीद से चुना है,आप सबके आशीर्वाद से दिन रात आपकी सेवा में लगा हु,ओर मेरा प्रयास है कि क्षेत्र का कोई सा भी ग्राम विकास से अछूता ना रहे । किसानों की चिंता थी कि इस वर्ष अल्प वर्षा हुई क्या होगा,उसकी चिंता सरकार,मुख्यमंत्री और मैने की ओर नर्मदा मैय्या का पानी खेतो तक पहुचे की शुरुआत खाचरौद से की । विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने उपस्थित सभी ग्रामीणों,श्रद्धालुओं की मांग पर विकास कार्यो हेतु 15 लाख रुपये देने की घोषणा की जिसका सभी ने स्वागत कर विधायक जी का आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर राधेश्याम दलपति,नरेन्द्र भाटी,विष्णु परमार,डॉ रतनसिंह आदि ने भी संबोधित किया । इस अवसर पर ग्रामीणों ने मड तक पहुचने के लिये पुलिया के निर्माण एवं सीमांकन कराने की भी मांग की । आयोजित कार्यक्रम में पहुचे अतिथि विधायक गोपालसिंह इंजीनियर,राधेश्याम दलपति,सुशील संचेती,महेंद्रसिंह ठाकुर का स्वागत कर सम्मान किया । कार्यक्रम में डॉ रतनसिंह ठाकुर,नरेंद्र भाटी, विष्णु परमार, चंद्रसिंह जी ठाकुर सरपंच अन्तुबाई, हुकमसिंह,कन्हैया लाल परमार,अभिषेक वर्मा,महेश प्रजापति सहित ग्राम गुराड़िया सिराजूद्दीन, बमुलिया भाटी,धुपोड,रिछड़िया, पचसी,पूरा सहित कई ग्रामो के श्रद्धालु उपस्थित थे । पड़िया पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने नगर के शंकर मन्दिर में निशान ध्वजस चढ़ाने, मुल्लाना में गोवर्धन पूजन,गुड़ाया वर्मा में विकास कार्यो के लोकार्पण एवं उदयराय महाराज के यह तुलादान,ग्वाली में मातोजी की मड पर दर्शन,मेहतवाड़ में उदयराय महाराज की स्मृति एवं पहलवान आजादसिंह जी की स्मृति में धमेंद्र पहलवान द्वारा आयोजित दंगल एवं छापर में बारह खम्भा की जत्रा में पहुच कर आयोजित देव दर्शन,तुलादान कार्यक्रम में भाग लिया।